उदय सामाजिक वैज्ञानिक शिक्षण शोध संस्थान की बैठक दिनांक 15.10.2018 का कार्यवृत्त

दिनांक 01.10.2018 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 16.10.2018 को उदय सामाजिक वैज्ञानिक शिक्षण शोध संस्थान, नयी बाजार, खागा, फतेहपुर के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष श्री रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में उदय सामाजिक वैज्ञानिक शिक्षण शोध संस्थान के बैठक कक्ष में प्रातः 11.00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डाः–

1. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2. डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3. अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1–	श्री रवि शंकर शुक्ला	अध्यक्ष	रवि शंकर
2–	श्रीमती किरन सिंह	उपाध्यक्ष	किरन सिंह
3–	श्री उदय प्रताप सिंह	सचिव	उदय प्रताप सिंह
4–	श्री राम सागर	कोषाध्यक्ष	राम सागर
5–	श्री ईशिका ठाकुर	ऑडिटर	[illegible]
6–	श्री अश्वनी कुमार सिंह	सदस्य	A Singh
7–	श्री सुरेश प्रसाद तिवारी	सदस्य	सुरेश प्रसाद तिवारी
8–	श्री अब्दुल हक	सदस्य	अब्दुल
9–	श्री रामू शर्मा	सदस्य	रामू शर्मा
10–	श्री अश्वनी कुमार शुक्ला	सदस्य	[illegible]
11–	श्री राम कृपाल	सदस्य	राम कृपाल

गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः–

प्रस्ताव सं0–1 पिछलीं कार्यवाही की पुष्टि पर विचार।

अनुमोदन– प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही सचिव श्री उदय प्रताप सिंह ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

प्रस्ताव सं0–2 श्रीमती किरन सिंह, उपाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि समिति द्वारा ग्राम–गाजीपुर, परगना–गाजीपुर, तहसील व जिला–फतेहपुर में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन किया जाना समाज हित में आवश्यक प्रतीत होता है।

अनुमोदन– उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम–गाजीपुर, परगना–गाजीपुर, तहसील–खागा व जिला–फतेहपुर में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु सचिव श्री उदय प्रताप सिंह को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे– भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन,

आदि मदों में व्यय हेतु सोसायटी के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी सचिव श्री उदय प्रताप सिंह को अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव सं0–3 श्री इशिका ठाकुर, ऑडिटर ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'किरन सिंह फार्मेसी कॉलेज' (Kiran Singh Pharmacy College) नाम प्रस्तावित किया।

अनुमोदन– उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'किरन सिंह फार्मेसी कॉलेज' (Kiran Singh Pharmacy College) रखने का समर्थन किया।

प्रस्ताव सं0–4 श्री राम सागर, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम–गाजीपुर, परगना–गाजीपुर, तहसील व जिला–फतेहपुर में उपलब्ध समिति की भूमि आराजी सं.–659, 643, रकबा– 0.8240 हेक्टेयर (2.034 एकड़) पर निर्मित भवन के साथ, को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

अनुमोदन– उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम–गाजीपुर, परगना–गाजीपुर, तहसील व जिला–फतेहपुर में उपलब्ध समिति की भूमि आराजी सं.–659, 643, रकबा– 0.8240 हेक्टेयर (2.034 एकड़) पर निर्मित भवन के साथ, को 'किरन सिंह फार्मेसी कॉलेज' (Kiran Singh Pharmacy College) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा सचिव श्री उदय प्रताप सिंह को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव सं0–5 श्री अश्वनी कुमार सिंह, सदस्य ने प्रस्तावित 'किरन सिंह फार्मेसी कॉलेज' (Kiran Singh Pharmacy College) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के सचिव श्री उदय प्रताप सिंह को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

अनुमोदन– उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से सचिव श्री उदय प्रताप सिंह को प्रस्तावित 'किरन सिंह फार्मेसी कॉलेज' (Kiran Singh Pharmacy College) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष जी के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित 'किरन सिंह फार्मेसी कॉलेज' (Kiran Singh Pharmacy College) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निष्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष जी को धन्यवादोपरान्त सभी की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

उदय प्रताप सिंह

रामूशर्मा रामकृपाल सुरेश प्रसाद तिवारी रविशंकर

अब्दुल किरन सिंह

रामसागर